संजय गाँधी जैविक उद्यान, पटना।

कोटा स्टोन की आपूर्ति हेतु निर्धारित शर्तें।

संजय गाँधी जैविक उद्यान, पटना, में कोटा स्टोन की आपूर्ति करने के लिए दिनांक 18–02–2019 के 2.00 बजे अपराह्न तक विहित प्रपत्र में मुहरबंद निविदायें निदेशक, संजय गाँधी जैविक उद्यान, पटना, के पदनाम से आमंत्रित की जाती हैं।

सामग्री का नाम

ग्रीन / ग्रे रंग का कोटा स्टोन (25 mm thick) की आपूर्ति।

(नोटः– विस्तृत विवरणी निविदा प्रपत्र में अंकित है)।

2. निविदा शर्त एवं विहित प्रपत्र निदेशक के कार्यालय से रूपये 1000/–(एक हजार) प्रति की दर से दिनांक 18–02–2019 के आराह्न 1.00 बजे तक (कार्यावधि के दिन) प्राप्त किये जा सकते हैं। प्रपत्र का मूल्य अप्रत्यर्पणीय होगा। निविदिाकर्ता 'तकनीकी बिड' तथा 'वित्तीय बिड' दो अलग–अलग लिफाफों में डालकर एवं सीलबंद कर दोनों लिफाफों को एक अलग लिफाफे में डालकर सीलबंद करेंगे। तकनीकी बिड के लिफाफे पर 'तकनीकी बिड' तथा उसपर अपना नाम–पता अंकित करेंगे। उसी प्रकार 'वित्तीय बिड' के लिफाफे पर 'वित्तीय बिड' लिखकर अपना नाम–पता अंकित करेंगे। मुख्य लिफाफा जिसके अन्दर 'तकनीकी बिड' तथा 'वित्तीय बिड' के दोनों लिफाफे रहेंगे पर ''कोटा स्टोन की आपूर्ति के लिए निविदा'' अंकित कर अपना नाम–पता अंकित करेंगे।

3. प्राप्त निविदा दिनांक 18–02–2019 के 3.00 बजे अपराह्न में निविदाकर्ताओं अथवा उनके प्राधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष निदेशक, संजय गाँधी जैविक उद्यान, पटना, के कार्यालय कक्ष में निविदा समिति द्वारा खोला जायेगा। यदि कोई निविदाकर्ता अथवा उनके प्राधिकृत प्रतिनिधि निविदा खोलने के समय उपस्थित नहीं होते हैं तब भी निविदा मान्य समझा जायेगा।

4. निविदाकर्त्ता अपने निविदा के तकनीकी बिड के साथ रू० 25,000/– (रूपये पचीस हजार) का सत्यंकार राशि जमा करेंगे। यह सत्यंकार राशि बैंक ड्राफ्ट अथवा डिपोजिट एट कॉल के रूप में निदेशक, संजय गाँधी जैविक उद्यान, पटना, के पदनाम में होगा। सफल निविदाकर्ता के सत्यंकार राशि को जमानत राशि के रूप में रखा जायेगा जिसे सफलतापूर्वक कार्य समाप्ति के उपरान्त लौटाया जाएगा। असफल निविदाकर्ता का सत्यंकार राशि निविदा के अन्तिम निर्णय के एक सप्ताह के बाद लौटा दिया जायेगा। सशर्त, त्रुटिपूर्ण अथवा बिना सत्यंकार राशि के निविदा अस्वीकृत कर दिया जायेगा।

5. आपूर्ति किये गये सामग्री पर सरकार द्वारा निर्धारित दरों पर सभी प्रकार के देय कर यथा आयकर, जी०एस०टी० इत्यादि का भुगतान निविदाकर्ता को करना होगा।

6. निविदाकर्ता को जी०एस०टी० के अन्तर्गत निबंधित होना चाहिये। जी०एस०टी० निबंधन का प्रमाण–पत्र का स्वःअभिप्रमाणित छायाप्रति तकनीकी बिड के साथ समर्पित करना होगा।

7. निविदाकर्ता अपने हस्ताक्षर का नमूना किसी राजपत्रित पदाधिकारी से सत्यापित कराकर तथा सक्षम पदाधिकारी द्वारा निर्गत आवासीय प्रमाण–पत्र निविदा के तकनीकी बिड के साथ समर्पित करेंगे।

8. सफल निविदाकर्ता को एकरारनामा पर हस्ताक्षर करना होगा। एकरारनामा के लिए रू० 1000/– का नन्–जूडिशियल स्टाम्प सफल निविदाकर्ता/आपूर्तिकर्त्ता को देना होगा।

9. निविदाकर्ता, वित्तीय बिड में सामग्री का दर साफ अक्षरों में अंकित करेंगे जो अंक एवं शब्द दोनों में होना चाहिए। अर्पित दर सभी करों सहित संजय गाँधी जैविक उद्यान, पटना, में निर्धारित स्थल पर सामग्री पहुंचा कर होगा।

10. एम. एण्ड एन. प्रक्रिया का पालन अनिवार्य होगा।

कृ०पृ०उ०

11. यदि आपूर्तिकर्त्ता निविदा शर्त के किसी भी कंडिका के उलंघन अथवा आदेशित सामग्री की आपूर्ति निर्धारित समय एवं मात्रा में नहीं करते हैं अथवा घटिया गुणवत्ता तथा निर्धारित मापदंड से निम्न कोटि एवं आकार की सामग्री की आपूर्ति करते हैं तो निदेशक को यह अधिकार होगा कि वे आपूर्तिकर्त्ता के निविदा/एकरारनामा को रद्द कर दें तथा सत्यंकार राशि राज्यसात कर लें।

12. आपूर्तिकर्त्ता द्वारा आपूर्ति किए गए निम्न कोटि की अस्वीकृत सामग्री को आपूर्तिकर्त्ता उद्यान से तुरंत हटा लेंगे। यदि आपूर्तिकर्त्ता उसे नहीं हटाते हैं तो निदेशक अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत अधिकारी के द्वारा उसे हटवा दिया जायेगा और उसके हटवाने पर जो खर्च होगा उसे आपूर्तिकर्त्ता से वसूल किया जायेगा। आपूर्तिकर्त्ता को इस कार्य से होने वाली क्षति की जिम्मेवारी विभाग पर नहीं होगी।

13. सामग्रियों की आपूर्ति की किस्म एवं मात्रा के संबंध में किसी प्रकार के विवाद का निर्णय एक समिति द्वारा किया जायेगा। समिति द्वारा लिया गया निर्णय यदि आपूर्तिकर्त्ता को मान्य नहीं होगा तो वैसी हालत में अंतिम निर्णय निदेशक, संजय गाँधी जैविक उद्यान, पटना द्वारा किया जायेगा।

14. सामग्री की आपूर्ति केवल सफल निविदाकर्ता से ही ली जायेगी।

15. निविदा प्रपत्र में निविदाकर्ता इस बात को प्रमाणित करेंगे कि उन्होंने निविदा के सभी शर्तों को पढ़ा/ पढ़वाया और समझा है तथा वे सभी शर्तों को स्वीकार करते हैं।

16. निदेशक, संजय गाँधी जैविक उद्यान, पटना, को यह अधिकार होगा कि बिना कारण बताये किसी भी निविदा को अस्वीकृत कर दें।

17. किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र पटना होगा।

निदेशक।

निविदा प्रपत्र 'क'

तकनीकी बिड

क्रमांक	तकनीकी सूचना	निविदाकर्ता द्वारा समर्पित सूचना	पेज नम्बर
1	निविदाकर्ता द्वारा क्रय किए गए निविदा प्रपत्र से संबंधित मनी रसीद की स्वःहस्ताक्षरित स्वछायाप्रति।		
2	निदेशक, संजय गाँधी जैविक उद्यान, पटना, के पदनाम में रू० 25,000/–(रूपये पचीस हजार) के अग्रधन राशि (सत्यंकार राशि) का राष्ट्रीयकृत बैंक का ड्राफ्ट।		
3	आयकर का पैन नम्बर/टैन नम्बर तथा 2017–18 के आयकर रिटर्न का स्वःअभिप्रमाणित छायाप्रति।		
4	जी०एस०टी० के अन्तर्गत निबंधन का स्वःअभिप्रमाणित छायाप्रति।		
5	पता से संबंधित स्वःअभिप्रमाणित प्रमाण–पत्र। मूल प्रमाण–पत्र निविदा खोलने के समय प्रस्तुत करेंगे।		
6	पहचान–पत्र से संबंधित स्वःअभिप्रमाणित प्रमाण–पत्र। मूल प्रमाण–पत्र निविदा खोलने के समय प्रस्तुत करेंगे।		
7	राजपत्रित पदाधिकारी द्वारा अभिप्रमाणित हस्ताक्षर।		
8	क्या निविदा किसी फर्म द्वारा दिया गया है? यदि हाँ तो पार्टनरशीप डीड की छायाप्रति संलग्न करें। मूल डीड कोटेशन खोलने के समय प्रस्तुत करेंगे।		
9	सरकारी/गैर सरकारी संस्थान के काली सूची में निविदाकर्ता/फर्म का नाम दर्ज होने/ न होने संबंधी घोषणा–पत्र।		

निविदाकर्ता का हस्ताक्षर

पूरा पताः–

निविदा प्रपत्र 'ख'

वित्तीय बिड

निविदा का विवरण :– संजय गाँधी जैविक उद्यान, पटना में निर्माण सामग्री की आपूर्ति।

निविदा प्राप्त करने की अन्तिम तिथि एवं समय। – 18–02–2019 – 2.00 बजे अपराह्न।

निविदा खुलने की तिथि एवं समय। – 18–02–2019 – 3.00 बजे अपराह्न।

प्रेषक,
नामः–
पिता का नाम
पत्राचार का पताः–
मोबाईल नः

सेवा में,

निदेशक,
संजय गाँधी जैविक उद्यान, पटना।

महाशय,

संजय गाँधी जैविक उद्यान, पटना में निम्नांकित सामग्री की आपूर्ति हेतु मैं अपना दर निम्नवत् समर्पित कर रहा हूँः–

क्रमांक	सामाग्री का नाम	अनुमानित आवश्यकता	निविदादाता द्वारा सभी करों सहित अर्पित दर		
			अंक में	शब्दो में	मात्रा
1	ग्रीन / ग्रे रंग का कोटा स्टोन (25 mm thick)	9500 एस.एफ.टी.			प्रति एस.एफ.टी.

2– मेरे द्वारा उक्त दर संजय गाँधी जैविक उद्यान, पटना के निर्धारित स्थल पर सामाग्री पहुंचा कर तथा सभी करों सहित दिया गया है। मैं आपूर्ति किये गये सामाग्री पर सरकार द्वारा निर्धारित दरों पर सभी प्रकार के कर यथा आयकर, जी.एस.टी. इत्यादि का भुगतान करूँगा। मैंने निविदा के सभी शर्तों को पढ़ा / पढ़वाया और समझा है तथा सभी शर्तों को स्वीकार करता हूँ।

आपका विश्वासी,